मेट्रो ३ कॉरिडोर का ९८.९% मार्ग तैयार

केवल २ किमी का टनलिंग बाकी

सुजीत गुप्ता / मुंबई

पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए भले ही अंडरग्राउंड मेट्रो कारशेड का स्थान तय नहीं हो पाया है लेकिन मेट्रो प्रशासन अंडरग्राउंड मेट्रो का काम काफी तेज गति से कर रहा है। इस परियोजना के टनल निर्माण का काम ९८.९ प्रतिशत पूरा हो गया है। ३३.५ किमी लंबे मार्ग पर अब करीब २ किमी तक ही टनलिंग का काम शेष बचा है।

▌४० सुरंग तैयार

मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एमएमआरसीएल) ने आगामी दो से तीन महीने में १०० फीसदी टनलिंग का काम पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। कुलाबा-बांद्रा-सीप्ज के बीच बन रहे ३३.५ किमी लंबे भूमिगत मार्ग पर कुल २६ स्टेशन हैं। इन स्टेशनों के बीच मेट्रो दौड़ाने के लिए कुल ४२ सुरंग का निर्माण होना है, इसमें से ४० सुरंगें बन कर तैयार हो चुकी हैं।

▌रूट पर लग रहे उपकरण

निर्माण कार्य की रफ्तार जारी रखने के लिए एमएमआरसीएल एक साथ कई काम कर रही है। ९८.९ प्रतिशत मार्ग बनाने के बाद रूट पर उपकरण लगाने और ट्रैक बिछाने का भी काम तेजी से चल रहा है। अब तक २५.५० प्रतिशत रूट पर ट्रैक बिछाने का काम हो चुका है। मेट्रो के संचालन के लिए जरूरी ३६.२२ प्रतिशत सिस्टम लग चुके हैं।

▌स्टेशन का काम

मेट्रो स्टेशन का निर्माण कार्य भी तेजी से चल रहा है। अब तक ८२.०६ फीसदी तक स्टेशन बन कर तैयार हो चुके हैं। पूरे रूट पर सिविल वर्क ८४.८२ प्रतिशत तक हो चुका है। पूरे प्रोजेक्ट की बात करें तो अब तक ७३.०७ फीसदी काम किया जा चुका है।